संक्षिप्त

राजकुमार का सम्मान

सीकर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग कमेटी ने राजकुमार किरोडीवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी ने बताया कि प्रदेश प्रेसिडेंट डॉ. इंद्रजीत टाक की अभिशंषा पर अंतरराष्ट्रीय कमेटी द्वारा सम्मानित राजकुमार किरोडीवाल प्रिंस विगत 15 वर्षों से सामाजिक सेवा कार्यों से आम गरीब लाचार बीमार, अनाथ, विधवा, विकलांग गोवंश एवं ऐसे ही जरूरतमंद लोगों की सेवार्थ अपने निस्वार्थ भाव से सहायता करते हैं। राजकुमार ने अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अंतर्गत भी जिला अध्यक्ष के पद पर रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएं दी गई जिनके उपलक्ष में इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

डॉ. मनीष चोमाल का सम्मान

बिसाऊ, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम महनसर डॉ मनीष चोमाल को विप्र एकता "संस्था तथा " श्री गौड़ विप्र समाज समिति" सीकर द्वारा सम्मानित किया गया है। झुंझुनूं जिले के महनसर गांव के डॉक्टर मनीष को अपने चिकित्सा क्षेत्र मे किए अद्वितीय कार्य के लिये "मेडिकल काउन्सिल आफ इंडिया " द्वारा भी सन्मानित किया। डॉक्टर मनीष पूर्व मे नोएडा के फोर्टिस हास्पिटल तथा जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल, अपेक्स हॉस्पिटल तथा केंसर केयर हास्पिटल में भी सेवाए दे चुके है। वर्तमान में डॉ. मनीष चोमाल जयपुर के प्रसिद्ध हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर भी है। मनीष के परदादा स्व.श्री महालीराम चोमाल ग्राम पंचायत महनसर के प्रारम्भिक दो कार्य काल तक निर्विरोध सरपंच रहे थे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। एलएन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के कौशल विकास केंद्र पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। यहां कौशल विकास के समस्त स्टाफ व बालिकाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ उषा कस्वां ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, भ्रूण हत्या, सुकन्या समृद्धि, राजश्री योजना व राजस्थान सरकार की अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चियों ने बड़े उत्साह के साथ अंठोजी में भाषण देकर अपनी प्रस्तुति दर्ज की। ट्रस्ट द्वारा बालिकाओं को मिठाई खिलाकर व बालिकाओं की बीपी, शुगर, इनोमिया जांच करके दवा वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर तमन्ना शर्मा ने कहा कि समझने में नहीं आसान है बेटियां कुदरत का कोई वरदान है बेटियां। डॉ. रामनिवास ढूकिया, डॉ. सागर, कैलाश सैनी, सिकंदर, नरेंद्र बुडानिया, रवि गौड़ आदि मौजूद रहे।

मोतियाबिंद की सफल सर्जरी

चूरू, (कासं)। राजकीय नेत्र चिकित्सालय में डॉ. संदीप चौधरी द्वारा पहली बार बिना टीके व टांके के मोतियाबिंद की सफल सर्जरी (टॉपिकल फेको) की गई। सर्जरी तारानगर के महेंद्र की गई। इस सर्जरी के राजकीय अस्पताल में पूर्णतया नि:शुल्क उपलब्ध होने से मरीजों को निजी अस्पताल या बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। डॉ संदीप चौधरी ने पीजीआई चंडीगढ़ से एमएस की डिग्री प्राप्त की है तथा वे दिल्ली एम्स व जोधपुर एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम कर चुके हैं।

सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग

सुजानगढ, (निसं)। पार्षद हितेश जाखड ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से जयपुर स्थित आवास पर मुलाकात कर सुजानगढ को जिला बनाने की मांग की है। डोटासरा को जाखड ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि सुजानगढ रियासतकाल में जिला था। उन्होंने बताया कि सुजानगढ में पिछले 15 वर्षो से नगरपरिषद है। यंहा पर एडीएम, एएसपी, जिला परिवहन कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र सहित तमाम सरकारी दफ्तर है। सीकर, बीकानेर, चूरू जिला मुख्यालय से सुजानगढ की दूरी भी 100 किलोमीटर है। जिसको देखते हुए सुजानगढ में बीदासर, लाडनूं, रतनगढ तहसील व कात्तर, निम्बी जोधा, राजलेदसर, सालासर उप तहसीलों को जोडा कर सरकार के अन्तिम बजट में जिले की घोषणा करवाने की मांग की है।

डेढ़ लाख कीमत का 980 ग्राम अवैध अफीम जब्त, चार गिरफ्तार

सरदारशहर, (निसं)। महानिरीक्षक बीकानेर रेंज बीकानेर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन फलस आउट के तहत मेगा हाईवे पर एक लग्जरी कार में करीब 1.50 लाख रूपये कीमत की 980 ग्राम अफीम सहित चार जनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी गौरव खिडिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चूरू दिंगत आनंद के निर्देशानुसार एएसपी नरेंद्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में सोमवार की रात्रि को मेगा हाईवे रोड पर थाना के सामने नाकाबंदी कर थानाधिकारी गौरव खिडिया, प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल, दौलतराम हेड कांस्टेबल, कुलदीप सिंह कांस्टेबल, मनीष कुमार कांस्टेबल, राजेंद्र कुमार कांस्टेबल, अनिल कुमार कांस्टेबल, राजेंद्र प्रसाद कांस्टेबल, भादरराम कांस्टेबल, जयसिंह कांस्टेबल, पुलिस थाना भानीपुरा टीम साइबर एक्सपर्ट भागीरथ हेडकानि सहित नाकाबंदी की गयी रात्रि को एक लग्जरी कार रावतसर की तरफ से आई जिससे रोकने का संकेत किया लेकिन चालक ने कार को भगाने का प्रयास किया। जिसपर संदेह हुआ और कार की तलाशी ली गयी तो सीट के नीचे एक पलास्टिक की थैली पायी गयी जिससे खोलकर देखा तो उसमें अफीम पायी गयी। कार में बैठे चारों व्यक्ति और कार को थाने लाया गया। थैली में रखी अफीम का तोल करने पर 980 ग्राम अफीम हुई जिसका बाजार मूल्य लगभग 1.50लाख रुपये आंका गया। जिस पर अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में मय वरना कार सहित आरोपी सोनू, सुनील कुमार, रविंद्रसिंह व विजय को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अफीम रावतसर लेकर आये हैं आगे सरदारशहर जा रहे थे। पुलिस ने चारो आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका भागीरथ हेडकानि साइबर शाखा चूरू, अनिल कुमार काली सूचना अधिकारी पुलिस थाना भानीपुरा की रही।

पुलिस ने अफीम के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पूछताछ में आरोपियों ने अफीम रावतसर से लेकर सरदारशहर ले जाना बताया

वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी मौजी में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भरत सिंह राहड़ सेवानिवृत प्रधानाचार्य, अध्यक्ष सोमवीर जांगीड पीईईओ ढाणी मौजी, विशिष्ट अतिथि पृथ्वी सिंह गोस्वामी सरपंच प्रतिनिधि,भानीराम मेघवाल पूर्व सरपंच, एसडीएमसी सदस्य जसवंत ओला, सीताराम जांगीड़, प्रतापसिंह पूनिया आदि थे। वहीं समारोह के मुख्य अतिथि भरतसिंह राहड़ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अभिभावको से कहा कि सफल जीवन के लिए हर सदस्य को शिक्षित होना जरूरी है तथा बच्चे की पहली शिक्षक माता होती है। अत: हर महिला को जागरूक होना चाहिए। राहड ने अपने मित्र राजेन्द्र शर्मा उर्फ राजू शर्मा ट्रान्सपोर्टर न्यांगल बड़ी से विद्यालय में तीस हजार रूपये की लागत से माईक सैट दिलवाने की घोषणा की। जिनको लेकर उपस्थित सभी ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार ने राहड को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में संस्था प्रधान रवि कुमार ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में शामील होने के लिए आभार व्यक्त किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी मौजी में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा

चूरू, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद राहुल कस्वां व जिला संगठन प्रभारी रामगोपाल सुथार से चर्चा करके भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी ने अपनी जिला कार्यकारिणी के सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा की है। इसमें सांसद, विधायक, पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला प्रमुख मोर्चों के जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रधान एवं चैयरमैन स्थाई आमंत्रित रहेंगे। पूर्व जिला प्रमुख, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, जिला परिषद् सदस्य, नेता प्रतिपक्ष नगर निकाय, प्रकोष्ठों के संभाग प्रभारी व प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारी भी विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची में रहेंगे। जिला कार्यकारिणी सदस्य पदमसिंह राठौड़, विक्रम कोटवाद, मुरलीधर शर्मा, विनोद सैनी, सुरेश प्रजापत, नारायण बेनीवाल, प्रशांत टावरी, विजय शर्मा सिरसला, गोविन्द शर्मा, अशोक यादव, अनवर थीम, जाकिर खान, रामस्वरूप मेघवाल, मोहन गढ़वाल, जगदीश नायक, राजकुमार धरेन्द्रा, सत्यनारायण सैनी, विनोद प्रजापत, चन्द्रकला ढाका, निशा राठौड़, संजना माहिच, मांगीलाल पुजारी, महावीर सिंह पार्वतीसर, हुकमीचन्द गुसाईवाल, सुरेश पुजारी, महेश जोशी, श्यामनारायण राठी, भंवरसिंह राठौड़, चूनाराम दुसार, दीपाराम सारण, भगवान सिंह चारण, महावीर प्रसाद शर्मा, मदन सिंह राठौड़, पवन शर्मा, सरोज अठावाल, सुषमा रांकावत, सुमन सांभरिया, यशोदा माटोलिया, शिवभगवान कम्मा, भागीरथ सिंह राठौड़, हरिप्रसाद दायमा, सांवरमल खटीक आदि को बनाया है।

नवनिर्वाचित बार संघ का सम्मान किया

सादुलपुर, (निसं)। नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ राजगढ की कार्यकारिणी का स्वागत समारोह अंबेडकर विकास संस्थान राजगढ में किया गया। अभिभाषक संघ राजगढ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष चरणसिंह पूनियां एंव कोषाध्यक्ष रामसिंह बेरवाल का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर सरपंच बैरासर, मुख्य अतिथि सुभाष कॉलेज प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय राजगढ, अतिविशिष्ट अतिथि शिक्षाविद जयचंद दायमा आदि थे। वहीं एससी-एसटी-ओबीसी कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष पवन गोठवाल ने माल्यार्पण और साफा पहनाकर बार संघ अध्यक्ष चरणसिंह पूनिया का स्वागत किया। सुनिल बैरासर ने कोषाध्यक्ष रामसिंह बेरवाल का माल्यार्पण और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जयप्रकाश मेहरा, प्रवीण मेघवंशी, राजकुमार चौहान, गजेंद्र बौद्ध, राकेश गोठवाल, बलवीर पटवारी, उम्मेद सुणिया, राजेंद्र एडवोकेट, रामचंद्र एडवोकेट, कमल गोठवाल व प्रकाश बैरासार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सेवानंद चौहान ने किया। जिलाध्यक्ष पवन गोठवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया

सादुलपुर, (निसं)। उपनिदेशक नरेन्द्र टूहानिया, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जिला कार्यालय चूरू के नेतृत्व में तरूण कुमार उपाध्याय व सूचना सहायक विकास कुमार द्वारा कस्बा राजगढ शहर में संचालित ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं शहरी क्षेत्र में संचालित ई-मित्र कियोस्कों पर विभाग द्वारा जारी नवीनतम रेट लिस्ट व को-ब्रान्डेड बैनर की जांच की गई। साथ ही कियोस्कों को ई-मित्र सेवाओं का विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क लेने हेतु पाबंद किया गया। कियोस्कों को उनके द्वारा ई-मित्र की सेवाओं के आवेदन की की जा रही गलतियों के बारे में अवगत करा कर उन गलतियों को दूर करने के संबन्ध में जानकारी दी गई। कियोस्कों को राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राप्त आवेदन जो कियोस्कों के पास लंबित हैं, उनको जल्द पूर्ण कर संबन्धित कार्यालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

सार्वजनिक हित में पैसा लगाना संपत्ति का सर्वश्रेष्ठ उपयोग : सिद्धार्थ सिहाग

चूरू, (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की अनुपालना में जिला मुख्यालय पर अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लिए समाज सेवी रियाजत खान की प्रेरणा से भामाशाह हाजी हनीफ खां नसवाण एवं उनके भाई बाबू खां नसवाण ने अपनी 12 बीघा पुश्तैनी जमीन दान की है। इसी प्रकार हाजी याकूब थीम ने विद्यालय में आवागमन के लिए 30 गुणा 300 फ़ीट का रास्ता भूमि प्रदान की है।

सोमवार को हाजी हनीफ खां नसवाण ने जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग को दान स्वरुप भेंट की गई भूमि के दस्तावेज प्रदान किए। जिला कलक्टर ने भामाशाह की सराहना करते हुए कहा कि अपनी संपत्ति में से परोपकार के लिए दान करना एक अद्भुत और प्रेरक बात है तथा इस अंचल में यह परंपरा हमेशा से विद्यमान है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्य के लिए पैसा या संपत्ति दान करना संपत्ति का सबसे बेहतर उपयोग है। समाज सेवी रियाजत खान ने भामाशाह के बड़े दिल की सराहना करते हुए कहा कि कमाई करना बड़ी बात नहीं है कमाए गए धन को बेहतर कार्य के लिए दान करने का मन रखना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि आज का समय शिक्षा व तकनीक का समय है। प्रत्येक समाज को अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। यह विद्यालय अल्पसंख्यक समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने विद्यालय स्वीकृति के लिए राज्य सरकार का भी आभार व्यक्त किया। भामाशाह हाजी हनीफ खां नसवाण एवं बाबू खां नसवाण ने बताया कि उनके पिता हासम खां नसवाण की ख्वाहिश थी कि हर वर्ग के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाए। शिक्षा प्रत्येक वर्गए समाज एवं परिवार के उत्थान के लिए आवश्यक है।

भामाशाह हाजी याकूब थीम ने कहा कि समाज से हम सब कुछ लेते हैंए मेहनत की कमाई समाज सेवा के काम में लगाना समाज को वापस लौटाने का काम है। प्रत्येक व्यक्ति को यह कोशिश करनी चाहिए। दस्तावेज भेंट करते हुए भामाशाह हनीफ खां नसवाण एवं बाबू खां नसवाण ने जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग से निवेदन किया कि विद्यालय समाजसेवी भामाशाह हासम खां नसवाण के नाम से संचालित किया जाए। उन्होंने इसी क्रम में आगे भी आवश्यक होने पर जिले में अल्पसंख्यक कॉलेज के लिए भी जमीन देने की बात कही। पूर्व में भी भामाशाह ने दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग प्रशिक्षण विद्यालय के लिए जमीन दान दी थी। अल्पसंख्यक विभाग अधिकारी मोहम्मद नियाज ने बताया कि भामाशाहों द्वारा दान की गयी जमीन के दस्तावेज जिला कलक्टर को प्रदान किए गए हैं एवं विद्यालय हेतु आगे की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। उन्होंने अनुरोध किया है कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में भामाशाहों का सम्मान किया जाए। इस दौरान इलियास नसवाण, अल्पसंख्यक विभाग के मोहम्मद नियाज, कार्यक्रम अधिकारी मुकेश धनखड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

- हाजी हनीफ खां ने कलेक्टर को दान स्वरुप भेंट की गई भूमि के दस्तावेज प्रदान किए

चूरू जॉन के सेवादारों ने किया सफाई अभियान

सादुलपुर, (निसं)। 'हो पृथ्वी साफ मिटे रोग अभिशाप' अभियान के तहत डेरा सच्चा सौदा के संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां के पावन आशीर्वाद से रविवार को हरियाणा में चलाये गए महा सफाई अभियान में चूरू जॉन के हजारों की तादाद में अटेली पहुँची साध संगत ने साफ सफाई कर कुछ ही घंटों में अटेली को चकाचक कर दिया। गौरतलब है कि रविवार 23 जनवरी को चलाये गए सफाई अभियान का आगाज डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसां के खुद यूपी के बरनावा से इस अभियान का आगाज किया।

सार-समाचार

बालिकाओं को स्टेशनरी बांटी

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ में प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा की अध्यक्षता में बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी विमलेश चंद्र ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने छात्राओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि अब समय आ गया है कि बालिकाओं को ओर अधिक सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बालिकाएं पढ़-लिख कर समाज को एक नई दिशा दें। इस दौरान बालिकाओं को स्टेशनरी सामठी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा नेता कृष्ण भाकर, चुन्नीलाल, तौफिक खान व कांता आदि उपस्थित थे। संचालन अनीता देवी ने किया।

फसल खराबे का निरीक्षण किया

तारानगर, (निसं)। किसानों के लिए किसान नेता तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया हर समय तैयार है। अत्यधिक पाले से हुई खराब फ़सल के बारे में विधायक बुडानिया को समाचार मिला तो विधायक ने तुरंत अधिकारियों को फ़सल खराब क्षेत्र का निरिक्षण करने के आदेश दिए। विधायक बुडानिया के निर्देशन पर मंगलवार को उपखंड अधिकारी सुभाष कुमार भडिया, तहसीलदार कुलदीप सिंह कस्वां, सहायक क़ृषि अधिकारी सविता बुडानिया, क़ृषि पर्यवेक्षक मंजू चौधरी, अंकिता महला, जयकरण कुमावत, गिरदावर रामस्वरूप मुहाल, आदि ने अधिकारी कर्मचारियों ने लुणास, नेठवा, कस्बा तारानगर, भनीण, कालवास आदि ग्राम पंचायतों में अत्यधिक पाले से प्रभावित रबी फ़सल चना, सरसों, गेहूं, जौ इत्यादि फसलों का निरीक्षण किया।

स्किल एग्जीबिशन प्रतियोगिता का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ में व्यवसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत स्किल एग्जीबिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि ट्रेड सौंदर्य एवं रखरखाव तथा सुरक्षा से संबंधित इस प्रतियोगिता में 38 छात्राओं ने उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। ट्रेड सौंदर्य एवं रखरखाव के अंतर्गत आयोजित कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा धारिका एवं सेमिनार में कक्षा 11वीं की छात्रा कशीश प्रथम रही। इसी प्रकार ट्रेड सुरक्षा में कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्रा नेहा एवं सेमिनार में कक्षा 10वीं की छात्रा जागृति प्रथम रही। प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा नें प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं विजेता छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा की वर्तमान में प्रासंगिकता के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में चुन्नीलाल, नवाब खान, सुमेर सिंह, अनिता देवी, राधा, राजेश, कौशल मित्र कांता, व्यावसायिक प्रशिक्षक मुकेश एवं बिमला ने सहभागिता निभाई।

मांगों को लेकर प्रदर्शन

चूरू, (कासं)। विभागीय युनानी चिकित्सा अधिकारी संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कादिर हुसैन ने बताया कि बजट 2023 के लिए शासन सचिवालय जयपुर में अखिल अरोड़ा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त, रोहित गुप्ता वित्त सचिव बजट, भवानी सिंह देथा आयुष सचिव से राजस्थान आयुष चिकित्सक महासंघ आयुर्वेद, होम्योपैथी, युनानी के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुलाकात कर राज्य में कार्यरत आयुष चिकित्सकों को पिछले 10 वर्षों से लम्बित डीएसीपी व अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन दिया गया। इससे पहले सोमवार को शासन सचिवालय डिस्पेन्सरी में महासंघ की मिटिंग हुई।

पेयजल टंकी का उद्घाटन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलपुरा में सरपंच जयसिंह पूनिया की अध्यक्षता में अतिथिगण पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र धनखड, भामाशाह कृष्ण धनखड, ओम जाखड, दयानन्द सिहाग, जोतराम प्रजापत, हनुमानाराम पूनिया, नन्दराम धनखड, हनुमानाराम मेघवाल की गरिमामयी उपस्थिति में वार्षिकोत्सव समारोह रंगा रंग सम्पन्न हुआ। तथा इसी मौके पर प्रधानाचार्य सुनीता पूनिया,सरपंच जयसिंह पूनिया,कृष्ण धनखड़, राजेन्द्र धनखड़ बी.डी.सी. मेम्बर ने प्याऊ व दो कमरों का उद्घाटन कर पुण्य कार्य किया। ज्ञात रहे कि ये सुन्दर व जनउपयोगी प्याऊ धनखड़ परिवार द्वारा स्व काशीराम व स्व भतेरी देवी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा बनवाई गई है।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र इख्तियार बेग की कक्षा 8 की अंकतालिका में मेरी पत्नी यानी मेरे पुत्र की माता का नाम प्रवीन बानो (PRVIN BANO) की बजाय प्रवीन (PARVEEN) दर्ज हो गया है, जो गलत है। इसलिए मैं नियमानुसार अपने पुत्र की कक्षा 8 की अंकतालिका में संशोधन करवाकर मेरी पत्नी का नाम प्रवीन बानो (PRVIN BANO) दर्ज करवाना चाहता हूं। जो मेरी पत्नी के समस्त दस्तावेज में दर्ज है।

शपथ ग्रहिता

इश्तियाक बेग पुत्र मुश्ताक अहमद उम्र 48 साल जाति मुगल निवासी वार्ड नं. 19 राजगढ तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय, मलसीसर, जिला झुंझुनूं (राज.)

किस्तुरी वगै. बनाम **रामनविास वगै.**

दावा बाबत घोषणार्थ, रिकार्ड दुरूस्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञा

वाद संख्या 28/2021

प्रेषित- मूलाराम पुत्र माला, 2. चोखाराम पुत्र माला, 3. नरसाराम पुत्र माला, 4. अंजू देवी पुत्री जगदीश, 5. अजय कुमार पुत्र जगदीश, 6. पूनम पुत्री जगदीश, 7. संजय कुमार पुत्र जगदीश, 8. प्रेम पुत्री नानड, 9. सावित्री पुत्री नानड, 10. बिमला पुत्री नानड समस्त जाति मेघवाल निवासी हनुतपुरा तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं (राज.) वादीया किस्तुरी ने आपके विरूद्ध वाद बाबत नकल संलग्न है का वाद किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 01.02.2023 को दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद में सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 18.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। 721/18.01.2023

उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

किसानों की मांगे नहीं मानी जाने पर गणतंत्र दिवस पर झंडा नहीं फहराने देने की दी चेतावनी

सादुलपुर, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा और भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील कमेटी राजगढ की ओर से खरीफ-2021 की फसल का बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग को आधार मानकर देने की माँग को लेकर सातवे दिन भी एसडीएम कार्यालय के दोनों गेटों को बंद कर एसडीम कोर्ट, राजगढ के सामने प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन महापडाव जारी रखा। वहीं किसानों और नौजवानों की कमेटी ने निर्णय लिया कि चूरू और सादुलपुर के निर्वाचित जनप्रतिनिधि किसानों और नौजवानों की तरफ नहीं देख रहे है। इसको लेकर26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर राजगढ शहर में ट्रैक्टर रैली निकालने का निर्णय लिया। सुनील पूनियां ने बताया कि ट्रैक्टर रैली धरना स्थल से आरंभ होकर हायर सैकण्डी स्कूल मैदान होते हुए वापस धरना स्थल पर पहुँचेगी तथा माँग पूरी नहीं होने के विरोध में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर राजगढ एवं चूरू में किसी भी राजनेता को झंडा नहीं फहराने देंगे। झंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी किसान ही फहराएगा। वहीं गत दिनों से आमसभा खत्म होने के बाद धरना स्थल पर ही रात को डफ का कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें देवीपुरा और कालाना टीबा की डफ डफ मण्डली के द्वारा डफ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खूबसूरती प्रोग्राम प्रस्तुत कर डफ मण्डली ने किसानों के पडाव में रुक कर किसानों का उत्साह बढाया जा रहा है। पूनियां ने बताया कि डफ का कार्यक्रम रोजाना आयोजित होगा, जिसमे देवीपुरा से भरत सिंह ढाका, नरेंद्र मुहाल, सुरेंद्र राजपूत, प्रेमराज झाझडिया, पवन कुमार मुहाल, रामनिवास झाझडिया, सरपंच प्रतिनिधि बलबीर, राजेंद्र ढाका, बलबीर तेतरवाल आदि नें अपने गाँव देवीपुरा की ओर से प्रस्तुती दी।

वहीं अखिल भारतीय किसान सभा और भारत की जनवादी नौजवान सभा ने रंगारंग प्रस्तुति देने के लिए डफ मण्डली को धन्यवाद दिया तथा डफ का प्रोठाम हर रोज किसानों की माँग को उत्साह बढाने के लिए किया जायेगा, जिससे किसान और मजबूत होगा।

खरीफ-2021 की फसल का बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग को आधार मानकर देने की माँग को लेकर धरना स्थल पर किसानों ने ही रात्रि भोज किया।

- वीपी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घणाऊ में वार्षिक उत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत रेशमा देवी की अध्यक्षता एवं भादर राम प्रजापत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में जयवीर स्वामी, नन्दलाल गोस्वामी, भादर राम टेलर आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विद्यार्थियों ने रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। संस्था प्रधान रोहताश सिंहाग ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बैठक मैनेजर अजय स्वामी ने विद्यालय में इन्वर्टर व बैटरी भेंट की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कुलदीप चाहर एवं गजेन्द्र सिंह ने बताया कि समरोह में भादरराम एवं नत्थूराम प्रजापत की तरफ से 50 किलो मिठाई विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इस अवसर पर सुमेरसिंह, रामजीलाल रंगा, सुरेश घोटिया, राजेश गोदारा, सुनीता, सरोज, विनोद, किरण बाला, आदि उपस्थित रहे।